I will call you. Mr. Vanlalvena, please wait for a minute. Now, Leader of the House, Shri J.P. Nadda, wants to say.

REGARDING NOTICES RECEIVED UNDER RULE 26- *Contd.*

सभा के नेता (श्री जगत प्रकाश नड्डा): सर, मैं आपके माध्यम से सदन में उपस्थित सभी माननीय सदस्यों के ध्यान में यह बात लाना चाहता हूँ कि मैं कुछ दिनों से देख रहा हूँ कि माननीय सदस्य सुबह-सुबह हाउस में रूल 267 के तहत नोटिस दे देते हैं और आपने एक बार नहीं, अनेकों बार चेयरमैन साहब ने 8 दिसंबर, 2022 और 19 दिसंबर, 2022 को जो रूलिंग दी हैं, उन रूलिंग और नियम को ध्यान में रखते हुए रूल 267 के तहत दिए गए नोटिसेज़ को रिजेक्ट किया है। यह जो प्रथा है, यह कहीं-न-कहीं विपक्ष के द्वारा institution को डैमेज करने का कुत्सित प्रयास है। It is a vicious design to demean the institution of Parliament. They are not interested in debate; they want to give an impression that the Government does not want to answer or enter into a debate. The Government under Prime Minister, Shri Narendra Modi, is ready to discuss anything under this roof; whatever can be discussed, but there are certain rules, there are certain regulations. कुछ नियम और कानून होते हैं, जिनके तहत बहस होती है। अभी अगले 10 दिनों तक बजट के हर विषय पर डिस्कशन होना है। हम लोग उस डिस्कशन के लिए तैयार हैं। उसमें सबको बहुत मौका मिलने वाला है। इनकी संख्या के अनुसार इनको जितना मौका मिलना है, वह इनको मिलेगा। There is a provision for Short Duration Discussion. There is a provision for long duration discussion. ये नियम पढ़ते नहीं हैं। I was the Leader of Opposition in Himachal Pradesh Vidhan Sabha and, during their regime, I had also got the award of best legislator. आप कानून तो पढ़ना सीखिए, चर्चा करना तो सीखिए। विपक्ष का यह गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार है और यह देश के सामने इस institution को, भारतीय संसद को malign करने का तरीका है। मैं चाहूँगा कि including the Leader of the Opposition, इनका एक रिफ्रेशर कोर्स कराया जाए। They should go for a refresher course. They should understand the rules and regulations. Then, they should come and the Government is ready to discuss anything. हम किसी भी विषय पर चर्चा के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इसलिए, मैं विपक्ष के वॉकआउट की घोर निन्दा करता हूँ और इसको गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार मानता हूँ। आगे इनको सुबुद्धि मिले - ऐसी मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ।

मैं देश को यह बताना चाहता हूँ कि मोदी जी के नेतृत्व में चलने वाली हमारी सरकार हर प्रकार की चर्चा के लिए तैयार है। हमें यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। हम अपने घर में सारी चीजों को करने के लिए तैयार हैं, चर्चा करने के लिए तैयार हैं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri K. Vanlalvena.